भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3615
उत्तर देने की तारीख 10 अगस्त, 2026
19 श्रावण, 1948 (शक)

खेल उत्कृष्टता केन्द्रों की स्थापना

3615. श्री राहुल कस्वां:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में राष्ट्रीय खेल उत्कृष्टता केंद्रों, उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण केंद्रों तथा क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के लिए कोई पारदर्शी नीति, पात्रता मानदंड तथा मूल्यांकन प्रणाली निर्धारित की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे केंद्रों की संख्या और उनके चयन के आधार सहित खेल अवसंरचना, खिलाड़ियों की उपलब्धियां, क्षेत्रीय आवश्यकता तथा खेल प्रतिभा के मूल्यांकन को दिए गए महत्व का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने राजस्थान के चूरू जिले में उपलब्ध खेल सुविधाओं के आधार पर राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर के उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर विचार किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार पश्चिमी राजस्थान के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से चूरू में बहु-खेल उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने हेतु कोई कार्य-योजना लागू कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ): राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) और अन्य भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना पर विचार संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर किया जाता है। ऐसे प्रस्तावों का परीक्षण खेल अवसंरचना की उपलब्धता, खेल क्षमता,

तकनीकी और वित्तीय व्यवहार्यता, क्षेत्रीय आवश्यकताओं तथा अन्य प्रासंगिक कारकों के संदर्भ में किया जाता है।

वर्तमान में, साई की खेल संवर्धन योजनाओं के अंतर्गत एनसीओई, एसटीसी, एसटीसी के विस्तार केंद्रों और एनएसटीसी केंद्रों सहित कुल 181 साई केंद्र संचालित हैं। राज्य-वार विवरण अनुबंध -I में दिया गया है।

खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत, खेल प्रशिक्षण सुविधाएँ, अर्थात् खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) और खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) राज्य सरकारों के समन्वय के साथ स्थापित किए जाने हैं जो कि तकनीकी व्यवहार्यता, भूमि की उपलब्धता और अन्य निर्धारित मानकों पर होते हैं ।

वर्तमान में 34 जिलों के लिए 35 केआईएससीई ; 759 जिलों के लिए 1,067 केआईसी और 128 जिलों के लिए 364 खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियाँ (केआईएए) संचालित हैं। इनका विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/khelo-india-center-das पर उपलब्ध है।

खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियाँ निम्नानुसार हैं:

केआईएससीई:

- 4 अंतर्राष्ट्रीय पदक
- 145 राष्ट्रीय पदक
- 34 जोनल स्तरीय पदक
- 516 राज्य स्तरीय पदक
- 18 जिला स्तरीय पदक
- अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, जोनल, राज्य एवं जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धाओं में 571 प्रतिभागिताएँ

केआईसी:

- 15 अंतर्राष्ट्रीय पदक
- 309 राष्ट्रीय पदक
- 61 जोनल स्तरीय पदक
- 526 राज्य स्तरीय पदक
- 212 जिला स्तरीय पदक
- अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, जोनल, राज्य एवं जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धाओं में 1,110 प्रतिभागिताएँ

चूरू जिले में एथेलेटिक्स, टेबल टेनिस, हेन्डबोल, हॉकी और वालीवॉल के लिए शामिल किए गए भूतपूर्व चैंपियन एथलीटों के मार्गदर्शन में 05 खेलो इंडिया केंद्र संचालित हैं।

इसके अतिरिक्त, तीरंदाजी, एथेलेटिक्स और मुक्केबाजी पर केंद्रित एक केआईएससीई सवाई मानसिंघ स्टेडियम,जयपुर में और राज्यभर में 61 खेलो इंडिया केंद्र संचालित हैं।

*****

अनुबंध-I

खेल उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के संबंध में श्री राहुल कस्वां द्वारा दिनांक 10.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3615 के भाग क से घ के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

वर्ष 2026-2027 के दौरान राज्यवार/ संघ राज्य क्षेत्रवार साई केंद्रों /खिलाड़ियों की संख्या का विवरण

केंद्रों की संख्या								
		एनएसटीसी						
क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एनसीओई	एसटीसी *	विस्तार केंद्र	नियमित स्कूल	आईजीएमए **	अखाड़े	कुल
1	आंध्र प्रदेश	0	3	0	0	0	0	3
2	अरुणाचल प्रदेश	1	1	0	0	0	0	2
3	असम	1	4	4	0	1	1	11
4	बिहार	0	3	0	0	0	0	3
5	छत्तीसगढ़	0	2	0	0	0	0	2
6	गोवा	0	2	0	0	0	0	2
7	गुजरात	2	0	1	0	0	0	3
8	हरियाणा	2	3	0	0	0	5	10
9	हिमाचल प्रदेश	2	1	2	0	0	0	5
10	झारखंड	0	2	1	0	1	0	4
11	कर्नाटक	1	3	0	0	0	0	4
12	केरल	2	4	0	0	1	0	7
13	मध्य प्रदेश	1	3	2	1	0	3	10
14	महाराष्ट्र	2	0	0	0	1	14	17
15	मणिपुर	1	2	0	0	2	0	5
16	मेघालय	0	1	0	0	0	0	1
17	मिजोरम	0	1	0	0	0	0	1
18	नागालैंड	0	1	0	0	0	0	1
19	ओडिशा	1	3	2	1	0	1	8
20	पंजाब	1	3	0	0	1	3	8
21	राजस्थान	0	3	6	2	0	8	19

22	सिक्किम	0	1	0	0	0	0	1
23	तमिलनाडु	0	3	0	0	2	0	5
24	तेलंगाना	0	2	0	0	0	0	2
25	त्रिपुरा	0	1	0	0	0	0	1
26	उत्तर प्रदेश	2	4	1	0	0	7	14
27	उत्तराखंड	0	1	0	0	0	0	1
28	पश्चिम बंगाल	2	4	2	0	0	0	8
29	अंडमान और निकोबार	0	2	0	0	0	0	2
30	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	1	0	0	1	0	0	2
31	दिल्ली (संघ राज्य क्षेत्र)	4	1	0	0	0	8	13
32	जम्मू और कश्मीर (संघ राज्य क्षेत्र)	0	1	1	0	0	0	2
33	लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र)	0	1	0	0	0	0	1
34	लक्षद्वीप (संघ राज्य क्षेत्र)	0	1	0	0	0	0	1
35	पुडुचेरी (संघ राज्य क्षेत्र)	0	2	0	0	0	0	2
	कुल	26	69	22	5	9	50	181

*एसटीसी – साई प्रशिक्षण केंद्र

** आईजीएमए – देशज खेल और मार्शल आर्ट्स

****